भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2135

29 जुलाई, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन

2135. **श्री नारणभाई काछड़िया**
श्री परबतभाई सवाभाई पटेल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन, 2022 के दौरान प्रतिज्ञाबद्ध वाले निवेश राशि के साथ-साथ आयुष क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध कंपनियों की संख्या कितनी है;

(ख) इस प्रतिबद्धता के साथ देश भर में विशेषकर से गुजरात में कितनी नौकरियां पैदा होने की संभावना है; और

(ग) इस प्रतिबद्धता के कारण कितने लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): कुल 26 कंपनियों ने 9,000+ करोड़ रुपये से अधिक के संभावित निवेश के साथ आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

i. एफएमसीजी से लगभग 7000 करोड़ रुपये
ii. चिकित्सा मूल्य यात्रा (एमवीटी) से लगभग 1000 करोड़ रुपये
iii. फार्मा सेक्टर से लगभग 345 करोड़ रुपये
iv. किसान और कृषि श्रेणी के लिए लगभग 300 करोड़ रुपये
v. प्रौद्योगिकी और नैदानिक श्रेणी में लगभग 60 करोड़ रुपये

(ख): यह अनुमान लगाया गया है कि देश भर में 5,56,000+ नौकरियों के सृजन की संभावना है। रोजगार सृजन के लिए राज्य-वार आंकड़े तैयार नहीं किए गए हैं।

(ग): नौकरियों की 5,56,000+ अनुमानित संख्या का 76 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

*****